शोभायात्रा ▶ भव्यता से निकली मां बड़ी खेरमाई के जवारों की विसर्जन शोभायात्रा

# भाव खेलते पंडा, बाना छेदे साधकों ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर





**नवभारत, जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुप्त शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर से जवारों की भव्य विसर्जन शोभायात्रा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मार्ग से होकर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच निकली शोभायात्रा में आगे-आगे भाव खेलते पण्डा और बाना छेदे साधकों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नृत्य करतीं नौ देवियों की झांकियां और सजे हुए कलश श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। हनुमानताल थाना के सामने स्थित घाट पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।





### इनकी रही विशेष उपस्थिति

शोभायात्रा में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव शशिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल पाल, महेंद्र जांगड़े, सुरेश आहूजा, जयकांत उपाध्याय, आशीष त्रिवेदी, दीपचंद साहू, राहुल चौरसिया, विनय केसरवानी, रोहित सेन, विशाल आहूजा, डी.पी. गूजर और गणेश रैकवार सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जवारों का हुआ विसर्जन

राजेश्वरी धूमावती शक्तिपीठ की अधिष्ठात्री देवी बूढ़ी खेरमाई का जवारा चल समारोह के रूप में शाम 6 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मछरहाई, छोटा फुवारा, तमरहाई चौक, दीक्षितपुरा, पांडे चौक, बड़ा फुहारा, सराफा, कोतवाली से होते हुए हनुमान ताल में विसर्जित हुआ। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित सौरभ दुबे ने बताया कि इस जवारा चल समारोह में कई हजार बाने, कलश, ज्योति, खप्पर और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहेगी। 21 फनी का बाना, अग्नि झूला, विशेष आकर्षण रहेगा। 1008 आरती का महासमूह और वाराणसी के 108 डमरू का समूह, बैंड और आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

यात्रा मार्ग में दुर्गा चौक, हनुमानताल, राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज और घोड़ा नक्कास सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत मंच लगाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। मां बड़ी खेरमाई की छवि से सुसज्जित रथ ने सभी का मन मोह लिया।



## विशेष प्रार्थना, जुलूस और भक्ति गीतों के साथ शुरू हुआ पवित्र सप्ताह

▶ सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया पाम संडे

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर के सदर स्थित सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल में ईसाई समुदाय द्वारा पाम संडे (खजूरी रविवार) बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में विशेष आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने खजूर की डालियां हाथों में लेकर गीत गाए और उत्साहपूर्वक प्रभु के स्वागत का प्रतीकात्मक जुलूस निकाला, जो सेंट जोसेफ स्कूल से चर्च प्रांगण तक पहुंचा। इस दौरान जबलपुर डायसिस प्रमुख डॉ वल्लन अरासु ने अपने उपदेश में प्रेम, क्षमा और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश दिया।



### 40 दिनों के उपवास और प्रार्थना के बाद होगा समापन

कार्यक्रम में विकार जनरल एवं पल्ली पुरोहित फादर डॉ. डेविस जॉर्ज तथा सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम ने भी सहभागिता की और सभी पल्लीवासियों को पाम संडे की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ पवित्र सप्ताह की शुरुआत हुई, जो 40 दिनों के उपवास और विशेष प्रार्थनाओं के बाद ईस्टर पर्व पर संपन्न होगा।

### एक नजर में



## शिविर में हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, चंदन संभाग, लाडगंज शाखा द्वारा भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की श्रृंखला में तीसरे दिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विमला चौधरी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुसुम जैन और संभाग अध्यक्ष संध्या जैन ने भाग लिया। मंगलाचरण निधि जैन, ध्वज वंदना निशा चौधरी, और साधना बड़कल द्वारा किया गया। अध्यक्ष मीना बड़कुल ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. विमला चौधरी ने उद्बोधन दिया, डॉ. नलिनी सिंघई ने हृदय रोग से बचाव और जीवनशैली पर मार्गदर्शन किया, जबकि डॉ. शुभि जैन ने दांतों की सुरक्षा की जानकारी साझा की। शिविर में लगभग 50 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच और 70 हितग्राहियों की थायराइड एवं शुगर जांच की गई। कार्यक्रम में मणी जैन, मीना जैन, कल्पना जैन, रेखा जैन, पुष्पा ओसिन, अनुश्री गढ़वाल, मनीषा प्राचार्य, दीप्ति जैन, सीमा जैन, सुशीला नेता और परिषद की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आभार प्रदर्शन भानुप्रिया जैन ने किया।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्षों का स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** गांधी भवन टाउन हाल में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार उत्तराधिकारी वंशज संगठन प्रकोष्ठ के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ और जिला ग्रामीण अध्यक्ष नारायण शर्मा का भव्य स्वागत एवं सम्मान स्वतंत्रता संग्राम परिवार के वंशजों परिवार द्वारा गांधी भवन टाउन हॉल में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन मनोज नामदेव, प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया, प्रकाश गोलछा, डॉक्टर निधि शर्मा, यशोदा जायसवाल ओम प्रकाश जायसवाल के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। नवनियुक्त अध्यक्षों का श्रीफल, शॉल और फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में स्वतंत्र संग्राम सेनानी वंशजों विनोद यादव, एस.के. चौहटेल, अनिल उसरेटे, शिवमंगल यादव, राजेश नामदेव, गुरू नीखरा, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, विष्णु विनोदिया, अनिल गुप्ता, निर्मिल चन्द जैन, सुनीला नीखरा, अनिल भटनागर, अरूण राजनेकर, गणेश प्रसाद केशरवानी आदि की उपस्थिति रही। नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ ने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को केन्द्र और प्रदेश सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। उन्होंने आगामी जिला-नगर कार्यकारिणी की नियुक्तियाँ और पूरे प्रदेश से पदाधिकारियों को आमंत्रित कर विशाल सम्मेलन आयोजित करने की योजना की जानकारी दी।




## जॉयन्टस ग्रुप ह्यूमिनिटी द्वारा 460 बच्चों को बांटे गये उपहार

**नवभारत, जबलपुर।** पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि, खालसा स्कूल के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम आने पर जायन्टस ग्रुप हुमयूनिटी के सदस्य सरदार बलदीप सिंह मैनी द्वारा कैडवरी चाकलेट के सुंदर उपहार बांटे गये जिसमें शाला के 460 एवं सेवा बस्ती के बच्चे शामिल रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ जॉयन्टस की प्रार्थना एवं सर्वत्र भले की अरदास से किया गया आयोजन में भाजपा के नगर उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अधिवक्ता उदित पिल्ले द्वारा अपने विचार रखे गये तथा ग्रुप द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की ग्रुप के अध्यक्ष सरदार हरदीप सिंह जगदेव, प्रशासन संचालक नंद किशोर अग्रवाल, वित्त संचालक प्रीतपाल सिंह आलहूवालिया, पूर्व अध्यक्ष रविन्दर कौर बिरदी, अरविंदर कौर आलहूवालिया, जितेन्दर कौर जगदेव, सोनिया नादरा, रमा अग्रवाल, वाय.एन. दीक्षित, उमेश परमार, शैलेष पटेल, गुरप्रीत सिंह वालिया, अजय कुमार खरे, राजेश कुमार गुप्ता, राजेन्द्र कुमार दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुर्गेश पिल्ले द्वारा सभी साथियों का आभार प्रगट किया गया इस आयोजन में पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सचिव अमरजीत सिंह अलग, दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, दिलीप सिंह जगदेव, तजिन्दर पाल सिंह बब्बू सरना, नंदा ब्रदर्स, किट्टू सचदेवा, खालसा स्कूल स्टॉफ तथा निरभव निरवैर सेवक जत्थे के सदस्य द्वारा जायन्टस ग्रुप हुमयूनिटी के सदस्यों का सम्मान किया गया।





## आगामी कार्ययोजना और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

▶ अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में शामिल हुए 23 जिलों के पदाधिकारी

**नवभारत, जबलपुर।** विजय नगर स्थित कचनार क्लब में अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के महाकौशल प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, समाज सेवा प्रकल्पों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में हिंदू हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. एल.बी. सिंह चंदेल (बेटू भैया) ने विशेष मार्गदर्शन देते हुए कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से हिंदू समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में प्रमुख योजनाओं के तहत 1 लाख साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्र, 1 करोड़ घरों से 'एक मुट्ठी अनाज' संग्रह, 1 लाख मुफ्त मेडिकल कैंप, और 1 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण जैसे लक्ष्यों पर रणनीति बनाई गई। साथ ही 30 हजार डॉक्टरों को जोड़ने, महिला सुरक्षा प्रशिक्षण और जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर महाकौशल प्रांत अध्यक्ष अभिषेक मालू, प्रांत महामंत्री डॉ. अशोक सोनी, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता प्रीति धनधारिया और प्रांत मंत्री अर्पित ठाकुर सहित 23 जिलों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 12 को

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सह-सामान्य सभा बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा की अध्यक्षता में 12 अप्रैल रविवार को सुबह 9.30 बजे से शहीद स्मारक भवन सभागार में आयोजित होने जा रही है। ये जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासचिव एवं अध्यक्ष नेमा युवक संघ जबलपुर राकेश नेमा व प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेमा ने बताया कि बैठक में राजस्थान, महाराष्ट्र, मुम्बई, गुजरात, मालवा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली सहित महाकौशल प्रदेश के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित होकर समाज संगठन एवं उत्थान विषयों पर गहन चर्चा कर निर्णय लेंगे। बैठक के पश्चात् 11.30 बजे से महाकौशल क्षेत्र के विभिन्न शहरों में निवासरत् 50 से अधिक नेमा जातिजनों का विशिष्ट सेवाओं के लिए जिससे समाज गौरवान्वित हुआ है सम्मान किया जायेगा।



## हिन्दू सेवा परिषद् की ऐतिहासिक गदा यात्रा कल

▶ 11 हजार से अधिक भक्तों की होगी भागीदारी, टी. राजा सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**नवभारत, जबलपुर।** हिन्दू सेवा परिषद् के चतुर्दश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव संवत्सर 2083 के अवसर पर 31 मार्च 2026 को गदा यात्रा और हिन्दू धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि यात्रा का आरंभ दोपहर 12 बजे नौद्रा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर से महाआरती के साथ होगा और करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चैक, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक और सिविक सेंटर होते हुए संपन्न होगी। इस वर्ष यात्रा में तीन अखाड़े प्रदर्शन करेंगे और 10 फुट की दादा हनुमान की मूर्ति प्रमुख आकर्षण रहेगी। 31 फिट की चांदी रंग की गदा, भव्य बैण्ड-बाजे, ढोल और भगवा ध्वज यात्रा में उपस्थित रहेंगे। गदा यात्रा में मुख्य अतिथि टी. राजा सिंह हिंदुओं को मार्गदर्शन देंगे। परिषद् का उद्देश्य हिन्दू एकता का संदेश फैलाना और हिंदू राष्ट्र की हुंकार प्रस्तुत करना है। यात्रा में 11 हजार से अधिक श्रीराम भक्त शामिल होंगे। पत्रकारवार्ता में नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, उत्कर्ष रावत, अक्षय झा, निखिल कनौजिया, अभिषेक अहिरवार और अंकित विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी जबलपुरवासियों से भागीदारी की अपील की।



## एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** चैतन्य पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजी एवं चैतन्य सेवा संस्थान द्वारा चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर होम में बच्चों के मस्तिष्क रोगों जैसे मिर्गी, लकवा, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, अवरुद्ध बुद्धि विकास से पीड़ित बच्चों को पर्पल डे एवं ऑटिज्म डे के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवा का वितरण किया गया। ऐम्स, दिल्ली के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ पवन घनघोरिया के नेतृत्व में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ सतीश पनिका, डॉ नीलेश, साइकोलॉजिस्ट सोनाली गुप्ता, स्पेशल एजुकेटर वाणी वंदे एवं पूजा गिरिया ने महाकौशल एवं विंध्याचल क्षेत्र के लगभग 100 बच्चों को सेवाएं दीं और पालकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया। चैतन्य सेवा संस्थान उपाध्यक्ष डॉ संजय असाटी, थैलेसीमिया जनजागरण समिति के प्रदेश अध्यक्ष विकास शुक्ला, इलुविंदर सिंह छाबड़ा, मोहित संघी, अतुल साहू, जयंत शर्मा, राहुल तिवारी, नीलेश गुप्ता, नवीन जेठानी, पंकज खरे आदि ने शिविर की आयोजना की।

## कामगार यूनियन ने लगाया विशेष शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** रविवार को कामगार यूनियन खमरिया द्वारा सीनियर स्टाफ क्लब में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 01 जनवरी 2006 के बाद सेवानिवृत्त एवं अन्य निर्माणियों में स्थानांतरित हुए कर्मचारियों के ओटी एचआरए के फॉर्म भरे गए, जिससे उनके लंबित ओटी एचआरए एरियर का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। यूनियन के महामंत्री प्रेमलाल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 250 कर्मचारियों के ओटी एचआरए फॉर्म सफलतापूर्वक भरे गए। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र चराडिया सहित दीपक सैनी, रूपेश पाठक, अमित चौबे, मुकेश पाण्डेय, रमेश यादव, राकेश राजपूत, सत्या,मलिक, गुलाब मेहरा, सत्य शंकर एवं अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिविर को सफल बनाया।

## 'मोक्ष के प्रेमी' नाटक ने दिया त्याग और तपस्या का संदेश

▶ महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन दिखी आस्था और संस्कृति की झलक

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन नवयुवक सभा द्वारा आयोजित पंचदिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन जन्म कल्याणक की पूर्व संध्या पर 'मोक्ष के प्रेमी' नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह नाटिका गणेश प्रसाद वर्णी पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें पौराणिक कथा के पात्र सेठ सुदर्शन के जीवन के माध्यम से ब्रह्मचर्य, तप और उपसर्ग सहन कर मोक्ष प्राप्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में विधायक अभिलाष पांडे, विधायक इंदु तिवारी, विधायक नीरज सिंह, विधायक अजय विश्नोई, भाजपा नगर निगम रत्नेश सोनकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, पूर्व मंत्री शरद जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मनीष जैन कल्लू एवं सुबोध कामरेड विशेष रूप से उपस्थित रहे। आगंतुक अतिथियों का स्वागत जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बेटिया, प्रधानमंत्री शुभम चिल्लर, कोषाध्यक्ष भावेश जैन, उपाध्यक्ष मयंक पहलबान, अर्पित जैन, अतिशय जैन एवं पवित्र जैन द्वारा किया गया।

### आज निकलेगी शोभायात्रा, होंगे धार्मिक आयोजन

महोत्सव के अंतर्गत आज प्रातः 7:30 बजे शासनोदय तीर्थ हनुमानताल से भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ा फुहारा कमानिया गेट पर समाप्त होगी। दोपहर 3 बजे बड़े फुहारे पर श्रीजी का अभिषेक, संगीतमय पूजन एवं परम् पूज्य मुनि श्री निर्दोषसागर ससंघ के मंगल प्रवचन आयोजित होंगे। रात्रि 9 बजे कमानिया गेट पर भावना जैन महिला मंडल कंचन विहार द्वारा नाट्य मंचन किया जाएगा।

कार्यक्रम ▶ शिव उपहार भवन में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम

## जीवन में परिवर्तन की शुरुआत हमारी सोच से होती है : ब्रह्माकुमारी




**नवभारत, जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिव उपहार भवन में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में मुंबई से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने 'नई सोच, नई शुरुआत' विषय पर प्रेरक और सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे और उन्होंने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उपयोगी सूत्र प्राप्त किए। दीपा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में परिवर्तन की शुरुआत हमारी सोच से होती है। यदि हम अपनी सोच को सकारात्मक, शांत और शक्तिशाली बनाएँ, तो परिस्थितियाँ स्वतः अनुकूल होने लगती हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर हमें जीवन में कुछ नया और अलग परिणाम चाहिए, तो हमें पुराने संस्कारों और आदतों के आधार पर कर्म करने की बजाय नई सोच और नए प्रयास करने होंगे। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन की पद्धति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमें अपने जीवन की हर परिस्थिति में स्थिर और अचल रहकर उसका सामना करना सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रोताओं ने ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास भी किया, जिससे उन्हें गहरी शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।



## शहर कांग्रेस सेवादल ने किया मासिक ध्वज वंदन

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर शहर कांग्रेस सेवादल ने अपने मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष राजेंद्र रज्जू सराफ मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन यूथ विंग अध्यक्ष मनीष बैन के सौजन्य से रांझी व्हीकल मोड़ पर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह उनके लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है कि वे इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर सके। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की भूमिका और देश की आजादी में उनके योगदान को याद करते हुए सेवादल के अहिंसक आंदोलन की सराहना की। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक गांधी टोपी एवं माला पहनाकर स्वागत किया। ध्वज रक्षक मीनाक्षी स्वामी ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सतीश तिवारी, मीनाक्षी स्वामी, रीना विश्वकर्मा, रज्जू सराफ, शिव कुमार चौबे, रवींद्र कुशवाहा, संजू ठाकुर, मनीष बैन, जितेंद्र यादव, विष्णु विनोदिया, मनोज बैरागी, विकास जाट, अशू, जग्गू विश्वकर्मा, राजा वंशकार, नारायण गुप्ता, देवेंद्र लखेरा, संजू कनोजिया, बिजेंद्र तिवारी, महेश मिश्रा, उदय सिंह, अतुल डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।